भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2277

दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बिहार में अटल भूजल योजना का विस्तार

2277. श्री चंदन चौहानः

श्री विवेक ठाकुरः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार के आकांक्षी जिलों, विशेषकर नवादा और शेखपुरा में अटल भूजल योजना का विस्तार करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): अटल भूजल योजना एक पायलट परियोजना थी, जो निर्धारित अवधि और परिव्यय के साथ 7 राज्यों अर्थात् हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के जल की कमी वाले 8,203 ग्राम पंचायतों में कार्यान्वित की गई थी। यह योजना अब सामुदाय अधारित सहभागी भूजल प्रबंधन की क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन करने और एक अनुकरणीय मॉडल प्रदान करने के बाद बंद हो गई है जिसे अन्य राज्यों द्वारा भी लागू किया जा सकता है।

*****